29/9/22 दिनांक 26.09.2022 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं के विभिन्न घटको पर विद्युत संयोजन के सम्बन्ध में आयोजित बैठक का कार्यवृत्त :–



जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं के विभिन्न घटकों पर विद्युत संयोजन के सम्बन्ध में आयोजित बैठक दिनांक 26.09.2022 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसके कार्यवृत्त का अनुमोदन जिलाधिकरी महोदय द्वारा दिनांक 28.09.22 को किया गया।

समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें:–

1. श्री एम.पी. मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी, हमीरपुर।
2. श्री राजेश कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), हमीरपुर।
3. श्री शैलेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, राठ–हमीरपुर।
4. श्री सुमित व्यास, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर।
5. श्री सुरेन्द्र शर्मा, डी.टी.एल., टी.पी.आई. हमीरपुर।
6. श्री अभिषेक कुमार वर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, पी.एन.सी, हमीरपुर।
7. श्री मयूर जैन, इंजीनियर, जे.डब्लू.आई.एल., हमीरपुर।
8. श्री अभिषेक सिंह, जे.डब्लू.आई.एल., हमीरपुर।

डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी.पी.आई. द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना में कुल 73 नग विद्युत संयोजनों (सतही आधारित साइटों पर 06 नग व भू–जल आधारित साइटों (नलकूपों) पर 67 नग) एवं पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना में कुल 10 नग विद्युत संयोजनों की आवश्यकता है।

**पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना (सतही स्त्रोत):–**

डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी.पी.आई. द्वारा अवगत कराया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना मे 10 विद्युत संयोजन किये जाने हैं, जिसके सापेक्ष सभी 10 नग विद्युत संयोजन (स्वासा बुजुर्ग, मिहुना, चन्दपुरवा बुजुर्ग, पचखुरा बुजुर्ग, पत्यौरा, छिरका, मकरॉव, भैसमरी, चॉदीकला) हेतु एस0डब्लू0एस0एम0 द्वारा धनराशि रू0 10,12,22,977/– का भुगतान कार्यालय अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर को किया जा चुका है, किन्तु अभी तक विद्युत संयोजन हेतु कार्यवाही पूर्ण नही की गयी है। अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर द्वारा बताया गया कि पूर्व में निविदा आमंत्रित कर ली गयीं थी। कार्यदायी फर्मो का चयन भी कर लिया गया है साथ ही दिनांक 17.07.2022 को एल0ओ0वाई0 भी निर्गत कर दी गयी है। अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी फर्म द्वारा चॉदीकला सी0डब्ल्यू0आर0, भैंसमरी, छिरका एवं चन्दपुरवा बुजुर्ग पर विद्युत संयोजन हेतु पोल लगाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है एवं अन्य फर्मो को कार्य प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया है, आज दिनांक–26.09.2022 को अवशेष 06 स्थानों स्वासा बुजुर्ग, मिहुना, पचखुरा बुजुर्ग, पत्यौरा, मकरॉव कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर द्वारा आश्वासन दिया गया कि दिनांक–05.10.2022 तक सभी 12 नग विद्युत संयोजन करा लिया जायेगा। पत्यौरा डांडा डब्लू.टी.पी. विद्युत संयोजन के लिए रेलवे का ट्रेक कॉस करने हेतु रेलवे विभाग से अनापत्ति भी अभी तक प्राप्त नही हुई है। श्री मयूर जैन, प्लानिंग इंजीनियर, जे.डब्लू.आई.एल. द्वारा बताया गया कि चॉदीकला एवं भैसमरी में गलत पोल लगाये गये हैं, जिन्हे ठीक किये जाने की आवश्यकता है तथा छिरका में सी. डब्लू.आर. के बजाय अवर जलाशय पर कर दिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा गलत स्थान पर विद्युत संयोजन किये जाने पर खेद व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर को निर्देशित किया गया कि दिनांक–03.10.2022 तक गलत स्थान पर लगाये गये विद्युत पोलों को हटाकर निर्धारित स्थान पर लगवायें। साथ ही साथ विद्युत संयोजनों हेतु वांछित विद्युत पोल, कन्डक्टर वॉयर, मीटरिंग यूनिट एवं अन्य उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करें और वांछित रेलवे विभाग से अनापत्ति प्राप्त करते हुए विद्युत संयोजन की कार्यवाही पूर्ण करायें। जल जीवन मिशन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली पेयजल योजना है। अतः यदि किसी भी स्तर पर विद्युत



Scanned with OKEN Scanner

संयोजन के कार्य में लापरवाही की जाती है, तो अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड हमीरपुर व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगें।

**<u>हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत)</u>**

हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना (सतही) के अन्तर्गत विकास खण्ड कुरारा में परियोजना हेतु 06 नग विद्युत संयोजन किये जाने है। अधिशासी अभियन्ता, वि./यॉ. जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत समस्त सतही आधारित 06 नग विद्युत संयोजनों हेतु धनराशि रू0 3,70,84,735/– का भुगतान कार्यालय अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर को कर दिया गया है। अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि 06 नग विद्युत संयोजन हेतु कार्यालय अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मण्डल, हमीरपुर द्वारा पूर्व में निविदा आमंत्रित कर ली गयीं थी। कार्यदायी फर्मो का चयन भी कर लिया गया है, साथ ही दिनांक 17.07.2022 को एल0ओ0वाई0 भी निर्गत कर दी गयी है तथा कार्यदायी फर्मो विद्युत संयोजन का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। प्रोजेक्ट मैनेजर, पी.एन.सी. श्री अभिषेक वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि मात्र कुरारा ग्रामीण (पुरई) पर कार्य प्रारम्भ किया गया है तथा कुछ पोल लगाने के बाद कार्य बन्द है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा विद्युत संयोजन कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर को निर्देशित किया गया कि दिनांक 29.09.2022 से सभी साइटों पर शीघ्र विद्युत संयोजन का कार्य प्रारम्भ करायें।

**<u>हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल (नलकूप आधारित)</u>**

डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी.पी.आई. द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना (भूजल) के अन्तर्गत विकास खण्ड राठ, गोहाण्ड, सरीला, मुस्करा मे परियोजना हेतु विभिन्न घटकों पर 67 विद्युत संयोजन किये जाने हैं। योजनान्तर्गत भू–जल आधारित कुल 67 नग विद्युत संयोजनों के सापेक्ष 62 नग साइटों की टी0सी0/प्राक्कलन उपलब्ध कराये गये हैं, जिसमें सभी 62 नग टी0सी0 का भुगतान कार्यालय अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, राठ को कर दिया गया है तथा 02 नग नलकूपों का निर्माण विफल होने के फलस्वरूप 02 नग टी0सी0 भुगतान हेतु प्रेषित नहीं की गयी हैं, नये स्थल के अनुसार टी0सी0 संशोधित की जायेगी। प्रोजेक्ट मैनेजर, पी.एन.सी. श्री अभिषेक वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि भुगतान के सापेक्ष अभी तक मात्र 11 स्थलों पर विद्युत के पाइप व ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य किया गया है, इनमें से 01 विद्युत संयोजन ग्राम टीकर में अभी तक मात्र पोल लगाया गया है। प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि 11 नग विद्युत संयोजन में विद्युत विभाग द्वारा धमना, नौहाई, टोला रावत, अमगॉव, बरौली खरका, बीरा, चिल्ली, धनौरी, इटायल, कुम्हरिया किये गये विद्युत कनेक्शन 150एमएम का वॉयर लगाया गया है, जबकि 25एमएम का तार लगाया जाना चाहिए, मोटे तार कनेक्शन के कारण पैनल में वॉयर नही लग पा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया तथा यथाशीघ्र वॉयर बदले जाने के निर्देश दिये गये, अधिशासी अभियन्ता, वि.वि.ख. राठ द्वारा आश्वासन दिया गया कि दिनांक–29.09.2022 तक वॉयर ठीक करा दिया जायेगा। अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, राठ द्वारा अवगत कराया गया कि 53 नग साइटों पर विद्युत संयोजन हेतु कार्यालय अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मण्डल, हमीरपुर द्वारा पूर्व में निविदा आमंत्रित कर ली गयीं थी। कार्यदायी फर्मो का चयन भी कर लिया गया है तथा विद्युत संयोजन का कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है, बारिस तथा जलभराव के कारण कार्य बाधित है, जिन्हे दिनांक–30.09.2022 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। इनमें से रहंक, जिगनी, धौहल बुजुर्ग, नहदौरा, पवई, चुहरा, जमखुरी, जिटकरी, अलकछवा, करियारी, कुपरा, पहरा व बरहरा में विद्युत कार्य हेतु चयनित एजेंसी मे0 शिवशक्ति इन्टरप्राइजेज द्वारा पोलो का निरीक्षण कराया गया है, शेष सामग्री हेतु प्रस्ताव प्रेषित नही किया गया है, कार्यदायी एजेंसी को नोटिस निर्गत की जा रही है। 06 नग विद्युत संयोजन नीम का डेरा,



Scanned with OKEN Scanner

गहरौली–2, गहरौली–3, नदना(बाहपुर), इटौरा, टोला रावत (औंता) के लिए निविदा आमंत्रित की गई है, दिनांक–27.09.2022 को निविदा का प्रथम भाग खोला जायेगा। अधिशासी अभियन्ता, विद्युत द्वारा अवगत कराया गया कि 05 नलकूप केमोखर, अलकछवॉ, पवई, चकमरपुरा, खरेहटा खुर्द में बोरवेल में पर्याप्त पानी न होने के कारण विद्युत संयोजन किये जाने हेतु मना किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा विद्युत संयोजन की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया। निर्देशित किया गया कि दिनांक–29.09.2022 तक 11 नग (धमना, नौहाई, टोला रावत, अमगॉव, बरौली खरका, बीरा, चिल्ली, धनौरी, इटायल, कुम्हरिया) विद्युत संयोजन में लगाये गये 150एमएम का वॉयर की जगह 25एमएम का तार लगाना सुनिश्चित करें। सभी घटकों पर विद्युत संयोजन और उन्हे उर्जीकृत करने का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण किया जाय, अनावश्यक विलम्ब न किया जाय। जल जीवन मिशन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली पेयजल योजना है। अतः यदि किसी भी स्तर पर विद्युत संयोजन के कार्य में लापरवाही की जाती है, तो अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड राठ व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि विद्युत संयोजनों हेतु वांछित विद्युत पोल, कन्डक्टर वॉयर, मीटरिंग यूनिट एवं अन्य उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करें, साथ ही साइटवार प्रगति आख्या भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए जिलाधिकारी महोदय की अनुमति से बैठक समाप्त की गयी।

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर।

(*An ISO 9001:2015 Certified Collectorate*)

**पत्र संख्या**– 760 /न0गंगे–पेय0परि0-स0बै0(2022–23) दिनांक–28 सितम्बर, 2022

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।(ई–मेल)
3. प्रबन्ध निदेशक, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, आगरा।
4. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
5. मुख्य अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ। (ई–मेल द्वारा)
6. अधीक्षण अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एन0, लखनऊ।(ई–मेल द्वारा)
7. नोडल अधिकारी (हमीरपुर), एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ।(ई–मेल द्वारा)
8. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, हमीरपुर।
9. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर/राठ को विद्युत संयोजन की कार्यवाही समयबद्व कराने हेतु।
10. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), महोबा/वि0/यॉ0, चित्रकूट।
11. डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी0पी0आई0, हमीरपुर।
12. सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0, हमीरपुर।
13. जनरल मैनेजर, जे.डब्लू.आई.एल.–एस.पी.एम.एल.(जेवी), हमीरपुर।
14. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी.एन.सी.–एस.पी.एम.एल.(जेवी), हमीरपुर।

28/9/2022
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

Seen
29/9/2022



Scanned with OKEN Scanner